# DAY-NULM के माध्यम से दूर हो रही गरीबी

## स्वरोजगार कर महिलाएं हो रहीं

# आत्मनिर्भर

शहर के लगभग 1000 परिवार आत्मनिर्भर बने और अपनी आजीविका चला रहे

**सक्सेस स्टोरी**

## कोरोना काल में घरेलू महिलाएं हुईं आत्मनिर्भर डे एनयूएलएम से शुरू किया खुद का कारोबार

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

मुश्किलों में ही राह निकलती हैं. ऐसे वक्त में जो लोग अपनी समस्या को चुनौती मान कर आगे बढ़ते हैं, सफलता उनके कदम चूमती है. कोरोना काल में ऐसा ही कुछ कर दिखायीं हैं शहर की महिलाओं ने. डीएवाइ एनयूएलएम योजना के तहत जमशेदपुर अक्षेस ने ऐसे ही परिवार व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्यक्रम आरंभ किया.

दो साल पहले शुरू की गयी इस योजना से आज शहर के लगभग 1000 परिवार आत्मनिर्भर बने और अपनी आजीविका चला रहे हैं. जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति की ओर से मिले



घर में बनाये खाद्य पदार्थ दिखातीं महिलाएं.

आंकड़े के अनुसार पिछले दो वर्षों में कुल 545 स्वयं सहायता समूह का गठन करते हुए 486 समूहों को चक्रीय निधि और 431 सदस्यों को बैंकों से ऋण प्रदान कराया गया है.

**खाद्य पदार्थ बना कर जीवन में घोल रही**

**मिठास**. जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति द्वारा संचालित डीएवाइ एनयूएलएम योजना अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मिठाई और नमकीन जैसे घरेलू पकवानों का निर्माण पूरी क्वालिटी के साथ किया जा रहा है. विशेष पदाधिकारी, कृष्ण कुमार द्वारा स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को आगे बढ़ाने पर हमेशा जोर दिया गया है. बिरसानगर जोन 3बी स्थित जय माता रानी स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रति किलोग्राम 450 की दर से गुझिया (सामान्य) और 550 की दर से गुझिया (स्पेशल) बनाया जा रहा है. रामदेव बगान, गोलमुरी के ललिता स्वयं सहायता समूह द्वारा आरसी पेड़ा गुड़ वाला 370, मुडको नमकीन 400, नमकीन 320, चक्लो 320, ठेकुआ 350, नमकीन सेव 310, मिक्चर चनाचूर 300, बेसन का लड्डू 400 और बालाजी का लड्डू 400 की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है. काशीडीह के प्रगति स्वयं सहायता समूह द्वारा पीस की दर से गोंद का लड्डू 25, गुझिया 20 और गुझिया 25 रुपये में बेचा जा रहा है. जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के नगर मिशन प्रबंधक सलिल तिर्की, अनवर हुसैन और राकेश आनंद द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को बिक्री करने के लिए प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराये जाने से आजीविका का एक बेहतरीन मौका मिलेगा.


नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA